प्रेस विज्ञप्ति

## सडक दुर्घनाओ की रोकथाम बाबत् राष्ट्रीय राजमार्गो पर यातायात जन जागरूकता कार्यक्रम

दिनांकः-31.03.2024

श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात, राजस्थान जयपुर के आदेश की पालना में श्री राजेन्द्रसिंह पुलिस आयुक्त यातायात जोधपुर के निर्देशानुसार श्री शरद चौधरी पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर, श्री दुर्गाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में श्री रविन्द्र कुमार बोथरा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व जोधपुर के नेतुत्व में आज दिनांक 31.03.2024 को जोधपुर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गो पर स्थित बसे गांव बोरानाडा तथा गांव भाण्डू में संबंधित क्षेत्राधिकार पुलिस थाना बोरानाडा से समन्वय स्थापित कर यातायात शिक्षा प्रभारी श्री हनुमानसिह हैकानि 1201 मय टीम द्वारा यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की पीपीटी तथा हेलमेट लघु फिल्म दिखाकर यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। गांव बोरानाडा व भाण्डू में कार्यक्रम के दौरान श्री ललित कुमार हैडकानि थाना बोरानाडा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-25 पर स्थित दोनों कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणजनों को सडक दुर्घटनाओं में मृत्यु के प्रमुख कारणों में पालतू/आवारा पशुओं के सड़क पर आने के कारण होने वाली दुर्घटना से मालिकों को इस सम्वन्ध मे विशेष जानकारी दी गई। सडक दुर्घटनाओं मे कमी लाने हेतु पालतु पशु मलिकों व ग्रामीण आमजन को पशुओ को सडकों पर से हटाने के आवश्यक उपाय करने बाबत समझाईस के साथ पशुओं के सीगों पर लगाने के लिए रिफलेक्टर प्रदान किए।

आमजनों को सडक पर चढते व उतरते समय व सडक को पार करते समय रखी जाने वाली सावधानियों तथा गलत दिशा में वाहन नही चलाने व आईएसआई मार्के के हैलमैट का प्रयोग करने व इसकी उपयोगिता के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की त्वरित मदद करने वाले गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) के प्रोत्साहन हेतु ''मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना'' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

(रविन्द्र कुमार बोथरा)

सहायक पुलिस आयुक्त<br>
यातायात पूर्व, आयुक्तालय जोधपुर

मिस्टर
HOLLYWOOD

TATA
INTRA

जाफरी

HOLLYWOOD